‘अपशिष्ट से ऊर्जा’ संयंत्र

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री ने गन्नौर में स्थापित ‘अपशिष्ट से ऊर्जा’संयंत्र का गुरुग्राम से डिजिटल उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- 176.87 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस ‘अपशिष्ट से ऊर्जा’ संयंत्र को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के आधार पर तैयार किया गया है।
- इस प्लांट में सोनीपत और पानीपत ज़िले के स्थानीय निकायों से निकलने वाले कचरे का निस्तारण किया जाएगा और बिजली भी पैदा की जाएगी।
- इस परियोजना से प्रतिदिन 750 टन अपशिष्ट का निपटान होगा, साथ ही इससे 8 मेगावॉट बिजली का भी उत्पादन होगा, जो ग्रिड को दी जाएगी।
- इसका रियायतग्राही जेबीएम एनवायरो है तथा परियोजना की रियायत अवधि 22 वर्ष है। इस संयंत्र से 2035 तक प्रतिदिन 750 टन कचरे का निस्तारण किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/waste-to-energy-plant-1